**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 22 सितंबर 2026, समय 13:05 (5 मिनट)**

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज नई दिल्ली में, राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में मादक पदार्थ रोधी कार्यबल के प्रमुखों के तीसरे राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ किया। दो दिन के इस सम्मेलन का उद्देश्य मादक पदार्थों की समस्या से भावी पीढ़ियों को सुरक्षा प्रदान करने पर विचार-विमर्श करना है। स्वापक नियंत्रण ब्यूरो की ओर से -'एकजुट संकल्प, साझा जिम्मेदारी' विषय पर आयोजित इस सम्मेलन में 36 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के मादक पदार्थ रोधी कार्यबल के प्रमुख भाग ले रहे हैं।

***************************************************************************

अम्बाला शहर में धार्मिक और ऐतिहासिक महत्व के उत्तर भारत के प्रसिद्ध वामन द्वादशी मेले में श्रद्धालुओं का आना जारी है।

कल मेले की प्रथम संध्या का शुभारम्भ हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने किया और सभी को भगवान वामन द्वादशी मेले की शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

**1-सी एम**

मुख्यमंत्री ने इस विरासत को जीवंत रखने के लिए सनातन धर्म सभा, सभी मंदिर समितियों, स्वयंसेवकों और अंबाला के प्रत्येक नागरिक का अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री ने सनातम धर्म सभा के पदाधिकारियों को मेले की गतिविधियों के लिए 21 लाख रुपए देने की घोषणा भी की।

उन्होंने कहा कि  प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने भी अपने मन की बात कार्यक्रम के 68वें एपिसोड में ओणम और वामन कथा का जिक्र किया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान श्री वामन देवजी का अवतार हमें जीवन की बहुत गहरी सीख देता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान श्री वामन जी की आराधना हमें अपने भीतर झांकने का अवसर भी देती है।

*********************************************************************

केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के स्वास्थ्य विभाग द्वारा समाज कल्याण विभाग के सहयोग से आज यू.टी. सचिवालय में 'नशा मुक्त भारत अभियान' के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पंजाब के राज्यपाल एंव चंडीगढ़ के प्रशासक , गुलाब चंद कटारिया ने किया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को नशों के विरुद्ध एकजुट करना है।

*********************************************************************

सेवा संकल्प अभियान के तहत   पानीपत  के  आर्य पीजी कॉलेज में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 175 रक्तदाताओं ने स्वेच्छा से रक्तदान कर सेवा  की मिसाल पेश की।

पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज के नेतृत्व में किये गए इस आयोजन में राज्यसभा सांसद एवं बीजेपी के राष्ट्रीय महामंत्री संजय भाटिया ,बीजेपी अध्यक्ष डॉ अर्चना गुप्ता,जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट सहित कई नेता मौजूद रहे।
राज्यसभा सांसद संजय भाटिया ने रक्तदाताओं का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि रक्तदान केवल रक्त देने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह किसी जरूरतमंद व्यक्ति को जीवन देने का संकल्प है। सेवा संकल्प अभियान का उद्देश्य समाज में सेवा की भावना को मजबूत करना है और रक्तदान इसका सबसे प्रभावी उदाहरण है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपनी क्षमता के अनुसार सेवा कार्यों से जुड़ना चाहिए।
भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता ने कहा कि  रक्तदान के प्रति समाज में जागरूकता बढ़ाना सभी की जिम्मेदारी है।

*******************************************************************

एशियाई खेलों में, भारतीय महिला क्रिकेट टीम आज स्वर्ण पदक के मुकाबले में श्रीलंका से खेल रही है। मैच जापान के निशिन में भारतीय समयानुसार सुबह साढ़े दस शुरू हुआ।

एशियाई खेलों के सेमीफाइनल में बांग्लादेश के खिलाफ रिकॉर्ड-तोड़ शतक लगाने के बाद, उन्होंने श्रीलंका के ख़िलाफ़ फ़ाइनल में भी सिर्फ़ 29 गेंदों पर ज़बरदस्त 48 रन बनाए और 99 रनों की ओपनिंग पार्टनरशिप के साथ भारत को एक और शानदार शुरुआत दिलाई।

*******************************************************************

सार्वजनिक उपक्रम ब्यूरो के अध्यक्ष मोहनलाल कौशिक ने कहा कि प्रदेश में बेसहारा गायों के लिए चार गौ वन विकसित किए जाएंगे।

श्री कौशिक ने चंडीगढ़ में गौ सेवा आयोग के पदाधिकारियों के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता करने के बाद बताया कि महेंद्रगढ़ के गांव भोजावास में 89 एकड़ भूमि पर गौ वन विकसित करने का कार्य अंतिम चरण में है। पलवल के गांव राजपुरा खादर, कैथल के गांव भूना तथा करनाल के गांव सांभली में भी गौवन विकसित करने की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। इसके अलावा प्रदेश सरकार द्वारा 22 गौशालाओं को पुनः खोला जाएगा तथा 14 नई गौशालाएं खोलने की प्रक्रिया भी जल्द पूरी की जाएगी।

श्री कौशिक ने कहा कि इस समय प्रदेश की लगभग 707 पंजीकृत गौशालाओं में करीब 40 हजार गायों को रखा जा रहा है। गायों के लिए पर्याप्त मात्रा में चारे की व्यवस्था के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश की ग्राम पंचायतों को गौ चरान भूमि में से कम से कम 10 एकड़ भूमि गौशालाओं को उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा दी जाती चारा अनुदान राशि के लिए पोर्टल खुला है। पंजीकृत गौशालाएं 14 अक्टूबर तक

अनुदान के लिए आवेदन कर सकती हैं। इसके बाद छह माह की चारा अनुदान किस्त जारी की जाएगी। इस वर्ष गौशालाओं के लिए चारा अनुदान के रूप में 300 करोड़ रुपये उपलब्ध करवाने का लक्ष्य है।

उन्होंने कहा कि घायल एवं बीमार गायों को उपचार एवं अन्य आवश्यक सेवाएं उपलब्ध करवाने के लिए जल्द ही प्रदेश की पंजीकृत गौशालाओं को ई-रिक्शा उपलब्ध करवाए जाएंगे।

*********************************************************************